किलकारी
बिहार बाल भवन
सैदपुर, पटना– 800004
(शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्थापित)

मुद्रण एवं प्रकाशन कार्य हेतु निविदा

'किलकारी' बिहार बाल भवन द्वारा मुद्रण एवं प्रकाशन का कार्य करने वाली निबंधित एजेन्सी/फर्म का पैनल बनाया जा रहा है। इस कार्य हेतु दिनांक 13.05.2017 (अपराह्न 3:00 बजे) तक एक लिफाफे में मुहरबंद तकनीकी निविदा आमंत्रित की जाती है। लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में **"मुद्रण एवं प्रकाशन कार्य हेतु निविदा"** लिख दें। निम्न शर्त्तों को पूरा करने वाली एजेन्सी/फर्म सभी आवश्यक कागजात के साथ किलकारी कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं–

1. एजेन्सी/फर्म निबंधित हो, वैट/टिन, आयकर पैन, एस.डी.ओ. द्वारा निर्गत प्रेस स्वामित्व प्रमाण–पत्र हो तथा संबंधित क्षेत्र में कम–से–कम तीन वर्षों का कार्यानुभव हो।
2. एजेन्सी/फर्म का न्यूनतम 03 (तीन) लाख का वार्षिक (वित्तीय वर्ष 2016–17) टर्नओवर हो।
3. एजेन्सी/फर्म का अपना प्रिंटिंग सेटअप हो।
4. निविदादाता या उनके प्रतिनिधि को आदेशानुसार मुद्रण एवं प्रकाशन से संबंधित कार्यादेश की आपूर्त्ति किलकारी कार्यालय को आकर करनी होगी। इसके लिये अलग से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

उपर्युक्त शर्त्तों को पूरा करने वाली एजेन्सी/फर्म, मुद्रण एवं प्रकाशन कार्य से संबंधित प्रपत्र हमारे वेबसाइट www.kilkaribihar.org से डाउनलोड कर सकते हैं। दिनांक 13.05.2017 को अपराह्न 3:30 बजे सभी प्राप्त निविदाओं को खोला जाएगा। निविदा खोलते समय एजेन्सी/फर्म के प्रोपराईटर/प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। तकनीकी निविदा की शर्त्तें पूरा करने वाली एजेन्सी/फर्म को किलकारी के मुद्रण एवं प्रकाशन पैनल में स्थान दिया जाएगा। सामग्रियों के मुद्रण हेतु समय–समय पर वित्तीय निविदा आमंत्रित कर कार्य लिया जाएगा। एजेन्सी/फर्म को पैनल में रखने एवं निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने या अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार किलकारी कार्यालय को होगा।

दूरभाष सं०– 0612–2661211, 9835224919
वेबसाइटः www.kilkaribihar.org

(ज्योति परिहार)
निदेशक

मुद्रण एवं प्रकाशन कार्य हेतु तकनीकी निविदा का प्रपत्र

एजेन्सी/फर्म का नाम :

पत्राचार का पता:

सम्पर्क नम्बर :

एजेन्सी/फर्म का निबंधन संख्या एवं तिथि	वैट/टिन नम्बर	आयकर का पैन नम्बर	एस.डी.ओ. द्वारा निर्गत प्रेस स्वामित्व प्रमाण–पत्र का रेफरेन्स नं. एवं निर्गत तिथि	संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्षों का कार्यानुभव की विवरणी	वित्तीय वर्ष 2016–17 का वार्षिक टर्नऑवर की राशि (न्यूनतम तीन लाख होनी चाहिए)	एजेन्सी/फर्म का अपना प्रिंटिंग सेटअप का पूरा पता।	निविदादाता या उनके प्रतिनिधि को आदेशानुसार मुद्रण एवं प्रकाशन से संबंधित कार्यादेश की आपूर्त्ति किलकारी के पते पर/कार्यालय आकर करनी होगी। इसके लिये अलग से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।	अभ्युक्ति।

1. ऊपर अंकित विवरणी का प्रमाण के लिए दस्तावेज संलग्न करें।
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारी एजेन्सी/फर्म द्वारा दी गयी जानकारी सही है इसे गलत पाये जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक: ....

एजेन्सी प्रमुख/प्रोपराईटर का हस्ताक्षर एवं मुहर